11
महिला सशक्तिकरण व बाल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही राज्य सरकारः लखनलाल



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# बांगो बांध फिर छलकने के करीब, कभी भी खोले जा सकते हैं गेट, अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सितंबर के इस महीने में एक बार फिर से बांगो बांध के केचमेंट इलाके में लगातार बारिश होने लगी है। बांध में पानी आने का सिलसिला फिर से तेज हो चुका है। जिसके चलते जल संसाधन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। यदि हाइडल प्लांट से पानी की रफ्तार कंट्रोल नहीं हुई तो कभी भी बांध के गेट एक बार फिर से खोले जा सकते हैं इसके लिए जल संसाधन विभाग ने निचली बस्तियों को अलर्ट जारी कर दिया है।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बांगो बांध में लगातार बारिश हुई थी। जिसके चलते बांगो बांध के 8 गेट खोले गए थे और 8 गेट से बड़े पैमाने पर पानी डिस्चार्ज कर कई दिनों तक पानी डिस्चार्ज किया गया था। जिसके बाद किसी तरह वाटर लेवल मैनेज होने पर बांगो बांध के गेट को फिर से बंद किया गया था लेकिन एक बार फिर से बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार बारिश हो रही है। जिससे बांध में पानी आने का सिलसिला फिर से तेज हो चुका है। मिनीमाता बांगो परियोजना माचाडोली के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया हैं कि 15 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक मिनीमाता बांगो बांध का जलस्तर 358.00 मीटर एवं जलभराव 90.12 प्रतिशत हो गया है। बांध का जलस्तर एवं जल की आवक यदि लगातार बढ़ती रही अथवा जलभराव 92 प्रतिशत से अधिक होने पर एवं जल की अत्यधिक मात्रा में आवक होने पर मिनीमाता बांगो बांध के जलद्वार (गेट) पुनः कभी भी खोले जा सकते है।

### इस बारिश में दूसरी बार गेट खोलने की बनी स्थिति

**खास बातें**
- पूर्व में खोले गए थे बांध के 8 गेट
- कोरिया जिले में होने वाली बारिश से बढ़ता है बांध का जलस्तर



### बाढ़ क्षेत्र से परिसम्पतियां हटाने की सूचना जारी

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले में हो रही भारी बारिश को ध्यान में रखते हुए बाढ़ की स्थिति के नियंत्रण हेतु सभी एसडीएम को सतर्क रहने के निर्देश दिए है। साथ ही स्वास्थ्य, विद्युत एवं अन्य लाइन डिपार्टमेंटल अधिकारी कर्मचारियों को सक्रियता से कार्य करने निर्देशित किया है। उन्होंने बांध एवं नदी के समीपस्थ इलाकों से चल अचल परिसम्पत्तियों को हटाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रो में मुनादी कराने के भी निर्देश दिए है। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांगों बांध संभाग क्र. 3 माचाडोली ने सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों से बांध से नीचे एवं हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित चल-अचल सम्पत्ति सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का आग्रह किया है। साथ ही बाढ़ क्षेत्र में स्थापित खनिज खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर निकालना सुनिश्चित कर लें। अकस्मात बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल संसाधन विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 18 को

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में जल जीवन एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 18 सितंबर को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कोरबा में आहूत की गई है। सर्व संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

### गुजराती समाज का नवरात्रि महोत्सव 22 से

**कोरबा।** श्री गुजराती समाज द्वारा समाज के भवन में 22 सितंबर से नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 22 सितंबर को शुभ मुहुर्त में घट स्थापना के साथ ही नवरात्रि महोत्सव प्रारंभ होगा। गुजराती समाज के सदस्यों के लिए गरबा का वितरण 21 व 22 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे व शाम को 5 से 7 बजे तक संत श्री जलाराम मंदिर में किया जाएगा। प्रति गरबा का शुल्क 80 रुपए निर्धारित किया गया है। 22 सितंबर से श्री गुजराती समाज भवन परिसर में आकर्षक लाइटिंग व साज-सज्जा के साथ प्रतिदिन रास-गरबा की धूम रहेगी। प्रथम आरती रात्रि 9 बजे व द्वितीय आरती रात्रि 12 बजे की जाएगी। महाअष्टमी हवन 30 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे किया जाएगा। इसी दिन महाआरती रात्रि 12 बजे की जाएगी। श्री गुजराती समाज के पदाधिकारियों ने समाज के सभी सदस्यों से नवरात्रि महोत्सव में सपरिवार उपस्थित होने आग्रह किया है।

### सहकारी समिति लाफा की बैठक 26 को

**कोरबा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लाफा पंजीयन क्रमांक 3048 की साधारण आमसभा की बैठक 26 सितंबर को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय में आयोजित किया गया है। संस्था प्रबंधक ने समिति के समस्त सदस्यों को बैठक में अनिवार्यत उपस्थिति की अपील की है।

### गौमुखी सेवाधाम के द्वारा हो रहा सप्त सरोवर का निर्माण

**कोरबा।** देवपहरी में माता सिद्धिदात्री के भुवन में सात देवियां भारत के सात स्थान से अखण्ड ज्योति के रूप में स्थापित होंगी,,बालको नगर की ज्योति कामाख्या देवी से आ रही है। साथ में माता का सिंदूर आएगा। जिसे सुहागिनों को प्रसाद के रूप में दिया जाएगा। आज विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात श्री राम मंदिर बालको नगर से भक्तजन ज्योति लेने कामाख्या मंदिर को रवाना हुए। इस अवसर पर सह विभाग संघ चालक किशोर बुटोलिया, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष डीलेंद्र यादव, सुमित तिवारी, महामंत्री द्वय जयनंद राठौर एवं संपत यादव, लोकेश्वर चौहान, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्चना रुणीझा रमेश सोनी, मंडल उपाध्यक्ष मनोज भार्या, जीएल चौधरी, शिव अवतार, हेमनाथ पटेल, रेणु प्रसाद, माहेश्वरी गोस्वामी, भाग्यश्री सोनी, गीता चौधरी, उर्मिला यादव, बाल कुंवर चौधरी, निखिल मित्तल, भूपेंद्र चौधरी, मालती वर्मा, लखन चंद्र, सुधीर शर्मा, हेमलता निर्मलकर, ओम प्रकाश जायसवाल, प्रिया द्विवेदी, मनजीत कौर, नारायणी दुबे, बोधन राठौर, हेमनाथ पटेल, रेहान पटेल उपस्थित रहे।

18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए हैं स्वास्थ्य कर्मी

# आज काम पर नहीं लौटे एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी तो हो जाएंगे बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले एक माह से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे एनएचएम स्वाथ्य कर्मियों को राज्य शासन ने 16 अगस्त मंगलवार को काम पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में उनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाएगी।

**खास बातें**
- जिले में 511 एनएचएम में काम कर रहे हैं स्वास्थ्य कर्मचारी
- हड़ताल से उप स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सेवाएं व आंगनबाड़ी केन्द्रों में टीकाकरण हो रहा है प्रभावित

सीएमएचओ ने एनएचएम के सभी अधिकारी कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संपादित करने हेतु 16 सितम्बर तक कार्यालयीन समय में अपनी उपस्थिति देने हेतु पुनः निर्देशित किया है। उपस्थिती नहीं देने वाले अधिकारी/कर्मचारी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मानव संसाधन नीति 2018 के खण्ड 34.2 के अनुसार एक माह का नोटिस देते हुए सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी तथा इससे होने वाली रिक्तियों पर नियमानुसार नियुक्ति कि प्रक्रिया शुरू किया जाएगा। सीएमएचओ ने एनएचएम के अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील की है कि वे दिनांक 16 सितम्बर को कार्यालयीन समय में अपने कार्य पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करें।

एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे हैं जिससे शहरी और ग्रामीण अंचलों के उप स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा आंगनबाड़ी में होने वाले टीकाकरण कार्य पर पड़ने लगा है। शहर से लेकर गांव के आंगनबाड़ी में एएनएम स्वास्थ्यकर्ता ही टीकाकरण के लिए जाती हैं जो बीते एक पखवाड़े से नहीं पहुंच रही हैं। परिवार स्वास्थ्य कल्याण विभाग के प्रमुख कार्यों में शामिल नौनिहालों का टीकाकरण एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल से पड़ने लगा है। जिले में पदस्थ 511 एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों में लगभग 3 सौ एएनएम महिला स्वास्थ्यकर्ता है जो उप स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ होने के साथ आसपास के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का टीकाकरण का कार्य करती है। बीते एक पखवाड़े से एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रहे हैं। जिसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों पर असर पड़ा है विशेषकर मैदानी क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। इन्हीं के साथ आंगनबाड़ी केंद्र भी इनके कार्यों के दायरे में आते हैं। जहां नौनिहालों के टीकाकरण से लेकर वजन त्यौहार, पूरक पोषण आहार के अलावा महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित दवाईयों के वितरण आदि के कार्य एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से ही होता है। हड़ताल से ये सभी कार्य प्रभावित हुए हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका भी टीकाकरण के लिए एएनएम महिला स्वास्थ्य कर्मियों के नहीं पहुंचने की बात स्वीकार करती हैं।



हड़ताल में बैठे स्वास्थ्य कर्मी।

### जिले के 26 सौ आंगनबाड़ी केंद्रों में करती है दौरा

एएनएम महिला स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा पिछले लंबे समय से जिले के 10 परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित 26 सौ आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा करती हैं। जिनमें जिला व ब्लॉक मुख्यालय के अलावा दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के जनजाति क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र शामिल हैं। जिनकी दूरी ब्लॉक मुख्यालय से ही 35 से 40 किमी पड़ती है। ऐसी लंबी दूरी का सफर तय कर महिला स्वास्थ्य कर्मी आंगनबाड़ी केंद्रों में टीकाकरण का कार्य संचालित कर रही हैं।

### इन मुद्दों पर बनी सहमति

- एनएचएम अधिकारी/कर्मचारियों को दुर्घटना अवकाश में प्रावधानित तीस दिन के अवैतनिक अवकाश को सवैतनिक अवकाश देने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार
- वार्षिक कार्य मुल्यांकन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु प्रतिकूल टिप्पणी की स्थिति में कार्य सुधार नोटिस/सेवा समाप्ति के पूर्व पर्याप्त अवसर दिए जाने का निर्णय,
- माह जुलाई 2023 की स्थिति में संविदा कर्मचारियों को 5 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन वृद्धि प्रदान करने संबंधी राज्य कार्यकारिणी समिति द्वारा सैद्धांतिक सहमति व वित विभाग छत्तीसगढ़ शासन से सहमति प्राप्ति उपरांत वेतनवृद्धि प्रदान करने की कार्यवाही भी प्रचलन में है।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत समस्त संविदा मानव संसाधन को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दिये जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय, ग्रेड पे, अनुकम्पा नियुक्ति आदि जैसे मानव संसाधन से जुड़े अन्य विषयों के संबंध में 07 सदस्यीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है।
- उपरोक्त संबंध में पूर्व में इस कार्यालय द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2025 द्वारा नोटिस जारी कर कार्य पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया था।

# नापी करने पहुंची एसईसीएल प्रशासन की टीम लौटी बैरंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा अपने टीम के द्वारा मकान सर्वे नापी करने हरदीबाजार हॉस्पिटल मोहल्ला दल बल पुलिस व प्रशासन के संरक्षण में पहुंची। जिसमें महिला एवं पुरुष पुलिस बल तैनात रहे। खबर मिलते ही ग्रामवासी सरपंच लोकेश्वर कंवर पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर,भाजपा जिला मंत्री अजय दुबे, जिला मंत्री नरेश टंडन, गोपाल यादव, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन, विजय जायसवाल, राजेश जायसवाल,राज ओग्रे, नरेन्द्र राठौर, सुरेंद्र राठौर, लम्बोदर राठौर,अशोक डिक्सेना,प्रेम डिक्सेना, डॉ विजय राठौर,राजाराम राठौर,कांति मधुकर,प्रियंका जयसवाल,ममता ओग्रे, इंद्रभूषण ओंडे, जगदीश अग्रवाल,अजय यादव,संजन्य राठौर, राजेन्द्र जगत, रमाकांत गुरुद्वान, भानूप्रताप कंवर, रामेश्वर यादव,रामायण यादव, मितेश सोनी,सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी पहुंचे और एसईसीएल से आए अधिकारियों व तहसीलदार से शुक्रवार को तहसील में हुई त्रिपक्षीय वार्ता में गांव हित नौकरी, सर्वसुविधायुक्त बसाहट, उचित मुआवजा सहित 7 सूत्रीय मांग ग्रामवासियों के तरफ से रखी गई थी। जिसे एसडीएम पाली के समक्ष एसईसीएल से लिखित सहमति देने की बात हुई थी लेकिन दूसरे ही दिन शनिवार को एसडीएम पाली सीमा पाटले के द्वारा कटघोरा ए एसपी को पत्र लिखकर उचित पुलिस बल महिला पुरुष की मांग गांव में मकान नापी सर्वे करवाने की मांग की थी। सोमवार को दोपहर 2 बजे एसईसीएल प्रबंधन प्रशासन, पुलिस और सीआईएसएफ के दल बल के साथ पहुंची जिस पर ग्रामीणों ने अपनी जायज़ मांगों को पूरा करने की बात रखी फिर भी जबरदस्ती नापी सर्वे की कोशिश करने लगे। ग्रामवासियों के बढ़ते विरोध को देख पीछे के रास्ते से बैरंग अपनी आफिस दीपका हाऊस लौटना पड़ा। सभी पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामवासियों ने शाम को जाकर लिखित हस्ताक्षर सहित जबरदस्ती एसईसीएल के द्वारा बिना पंचायत को ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**
- ग्रामीणों ने त्रिपक्षीय वार्ता को बताया छलावा और धोखा
- एसईसीएल व प्रशासन की टीम का ग्रामीणों ने किया विरोध

# ग्राम अज़गरबहार में 15वें वित्त आयोग की राशि में गड़बड़ी, ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्राम पंचायत आज़गरबहार में भ्रष्टाचार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पंचायत सरपंच और सचिव ने मिलकर पुराने सीसी रोड को नए निर्माण के नाम पर फर्जी तरीके से करीब 5 लाख की राशि हड़प ली। मामला 15वें वित्त आयोग से मिलने वाली राशि का घोर दुरुपयोग कर गबन किया गया है। पुराने बने सीसी रोड को नए निर्माण कार्य के रूप में दिखाकर मनमाने तरीके से फर्जी बिल बनाकर भुगतान निकाला गया। सरपंच कॉल तक रिसीव नहीं कर रहे, सचिव व अन्य जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से चुप हैं। ग्रामीणों ने इंजीनियरिंग व विभागीय अधिकारियों के संलिप्त होने की भी कड़ी निंदा की है। ग्रामवासियों ने कलेक्टर से उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उचित कदम नहीं उठाए गए, तो वे व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उनका साफ संदेश है,सरकारी धन का उपयोग जनता के विकास के लिए हो, कागजों की खेती के लिए नहीं। प्रशासन द्वारा दोषियों पर कठोर कार्रवाई से ही ग्रामीणों का विश्वास बहाल हो सकेगा और भविष्य में ऐसी गड़बड़ी पर अंकुश लगेगा।

# पेंचकस से युवक पर जानलेवा हमला करने वाले चार युवक भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिनों पूर्व बुधवारी बाजार के समीप कुछ युवकों के बीच हो रहे हैं वाद विवाद के दौरान एक युवक बीच बचाव करने पहुंचा था तो चार युवकों ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की थी और पेचकश से जानलेवा हमला कर दिया था। मारपीट की घटना सामने आने के बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज किया था और सोमवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

सीएसईबी चौकी प्रभारी भीम सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिनों पूर्व बुधवारी बाजार के समीप कुछ युवकों के बीच मारपीट हो रही थी इस दौरान रवि विश्वकर्मा नामक युवक बीच बचाव करने पहुंचा था तो वहां मौजूद नितेश यादव, सोहन सिंह, इम्तियाज अहमद और लोकेश्वर नामक युवक ने मिलकर रवि विश्वकर्मा की बेरहमी से पिटाई कर दी थी और उसके ऊपर पेजकश से जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था। सोमवार को पुलिस ने हमले की घटना को अंजाम देने वाले नितेश यादव, सोहन, इम्तियाज अहमद व लोकेश्वर को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

कोरबा-कटघोरा मार्ग गड्ढों में हुआ तब्दील

# एनएचएआई के अफसरों के खिलाफ थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कटघोरा मार्ग की हालत बद से बदतर हो चुकी है। बारिश के दिनों में छोटे-छोटे गड्ढे अब छोटे-छोटे तालाब का रूप लेने लगे हैं। जिससे इस मार्ग में चलना लोगों के लिए दुश्वार हो गया है। खासतौर पर छोटी कार व मोटरसाइकिल में चलने वाले लगातार हादसे के शिकार हो रहे हैं। इस तरह की घटना सामने आने के बाद भी शासन प्रशासन सड़क को मरम्मत करने की कोई पहल नहीं कर रहा है। जिसके चलते लोगों की हालत खराब होती जा रही है और परेशान हो रहे हैं स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर मोर्चा खोल दिया है और बकायदा एनएचएआई अधिकारियों के खिलाफ कटघोरा थाने में एफआईआर दर्ज करने की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।


कोरबा-कटघोरा मार्ग में निर्मित गड्ढों में भरा पानी।

बताया जाता है कि कोरबा-कटघोरा मुख्य मार्ग में छुरी के समीप छोटे-छोटे गड्ढे अब इतने बड़े हो गए हैं कि उस ⏭ शेष पेज 3 पर

### लगातार जाम की स्थिति हो रही है निर्मित

कोरबा–कटघोरा मार्ग की बदहाल स्थिति और लगातार जाम की समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों का धैर्य जवाब देने लगा है। इसी मुद्दे को लेकर नागरिक अनिल द्विवेदी ने थाना कटघोरा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि छुरी के पास सड़क की स्थिति बेहद खराब है। गहरे गड्ढों और अव्यवस्थित पैचवर्क के चलते वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। 14 सितंबर को तो लगातार कई घंटे तक ट्रैफिक जाम की वजह से आमजन, स्कूल जाने वाले बच्चे, मरीज और एंबुलेंस तक फंसे रहे। साथ ही अनिल द्विवेदी ने एनएचएआई के जिम्मेदार अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ जुर्म दर्ज करने तथा तत्काल सड़क की मरम्मत और यातायात व्यवस्था सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की है।

# रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0, एक दिन में 3 लाख यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानव सेवा को सर्वोपरि मानने वाली अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद (अभातेयुप) अपने 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर इतिहास रचने जा रही है। 17 सितंबर को परिषद भारत सरकार के सहयोग से रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के तहत मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन कर रही है। इस दिन भारत सहित 75 देशों में 75 सौ से अधिक शिविर लगाकर 3 लाख यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। इस महाअभियान का वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। आयोजन की रूपरेखा के अनुसार 4 हजार रक्त बैंक, 5 हजार डॉक्टर, 25 हजार तकनीशियन और 1 लाख स्वयंसेवक इस सेवा कार्य में सक्रिय रहेंगे। तेरापंथ युवक परिषद के गौरव जैन ने बताया कि कोरबा शहर में पांच जगह रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है,जिनमें जैन भवन पुराना बस स्टैंड कोरबा,एमजेएम हॉस्पिटल नया बस स्टैंड, जैन मंदिर बुधवारी, एनकेएच हॉस्पिटल एवं जमनीपाली में आयोजित किया जाएगा, गौरव जैन ने बताया कि कोरबा से एक हजार यूनिट रक्त संग्रहण करने का लक्ष्य रखा गया है। रक्तदान का संकल्प, राष्ट्र का सशक्त संकल्प इस नारे के साथ परिषद ने हर वर्ग से आह्वान किया है कि 17 सितंबर को आयोजित नजदीकी शिविर में पहुंचकर रक्तदान कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छ भारत मिशन की समिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक 16 सितम्बर को कलेक्टोरेट मंथन सभा कक्ष में होगी। इसकी अध्यक्षता कलेक्टर संजय अग्रवाल की करेंगे। यह बैठक समय-सीमा की बैठक के पश्चात होगी। इसमें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का शुभारंभ 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छोत्सव की थीम पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### ओयू में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से



**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष रजत जयंती समारोह पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 16 सितंबर से आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ कल, आज और कल विषय पर आयोजित इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर के विद्वान उपस्थित होंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विशिष्ट अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला, एयू के कुलपति प्रोफेसर एडीएन बाजपेयी व अध्यक्षता पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सी. के. सारस्वत होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता शशांक शर्मा रायपुर, डॉ. वर्णिका शर्मा रायपुर, डॉ. संजय अलंग रायपुर, पूर्व कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह, आचार्य रमेन्द्र नाथ मिश्र रायपुर, आचार्य विनोद कुमार आगरा, प्रो. पवन शर्मा दिल्ली, राहुल कुमार सिंह रायपुर, प्रो. राजन यादव, खैरागढ़ व प्रो. सुधीर शर्मा, भिलाई समेत अन्य विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### छत से गिरकर बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**बिलासपुर।** छत से गिरने से बुजुर्ग की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।
सिविल थाना के प्रधान आरक्षक जय प्रकाश खाण्डेकर ने बताया, छेदीलाल यादव पिता जेठूराम यादव 72 साल के घर में रविवार को कार्यक्रम था और मेहमान आए थे। श्री यादव ने मेहमानों के साथ शराब पी थी। खाना खाने के बाद वे घर की छत में जाकर सो गए। देर रात वे छत से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### बाइक से गांजा लेकर जा रहे दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने बाइक में गांजा लेकर जा रहे दो युवकों को पकड़ लिया है। उनके पास से 4 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक बाइक में गांजा लेकर बिक्री करने के लिए लेकर जा रहे हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ मण्डपम सेक्टर डी मुख्य मार्ग में घेराबंदी की। इस दौरान बाइक क्रमांक सीजी 10 बीआर, 9535 में सवार किशन वर्मा पिता स्व. रमाकांत वर्मा 30 साल गनियारी वर्मा मोहल्ला, विकास वर्मा उर्फ महराज पिता स्व. राजू वर्मा 26 साल गनियारी निवासी को पकड़ लिया। बैग की तलाशी लेने पर 4 किलो 39 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### विशेष शिविर में बनाए गए आयुष्मान व श्रम कार्ड

बिलासपुर। श्रम विभाग द्वारा राज्य स्थापना रजत जयंती महोत्सव पर बिलासपुर के श्रमिक प्रतीक्षालय में स्वास्थ्य विभाग एवं श्रम विभाग के संयुक्त प्रयास से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें 538 श्रमवीरों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं सेवाएं प्रदान की गईं। इसमें मोबाइल मेडिकल यूनिट से 220 और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 318 श्रमिकों की जांच की गई। शिविर में 5 आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए। दो लोगों का ई-श्रम कार्ड पंजीयन किया गया। नया पंजीयन 32 श्रमिकों का किया गया।

---

**स्कूलों में कई दिनों से डंप, वितरण पर ध्यान नहीं** | **किताबें कम पड़ी तो बच्चों के लिए 8 लाख किताबों की अतिरिक्त छपाई कराई जा रही**

# छात्रों को पढ़ाई में परेशानी क्योंकि 10 लाख किताबें ही नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अगले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ बोर्ड के स्कूलों में तिमाही परीक्षा होनी है और स्कूलों में अब तक 10 लाख के करीब किताबें पूरी नही पहुंची है। किताबें कम पड़ी तो बच्चों के लिए 8 से 10 लाख किताबों की अतिरिक्त छपाई कराई जा रही है तो इधर बच्चों को पढ़ाई में दिक्कतें आ रही हैं।

दरअसल बीते वर्ष कबाड़ में किताबें मिलने के मामले की जांच और फिर कागज व किताबें की प्रिंटिंग के लिए टेंडर प्रक्रिया में देरी की वजह से इस बार स्कूलों में समय पर किताबें नहीं पहुंच पाई। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी स्कूलों में सभी विषयों की किताबें पहुंच गई हैं, निजी स्कूलों में जहां कमी है वहां व्यवस्था कराई जा रही है। जानकारी के मुताबिक पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा किताबों की छपाई जून में करवाई जा चुकी थी, लेकिन वितरण में लापरवाही और लॉजिस्टिक गड़बड़ी के कारण स्कूलों तक समय पर आपूर्ति नहीं हो पाई। इधर कई स्कूलों में किताबें पहुंचने के बाद भी डंप है और वितरण नहीं किया जा रहा है। ज्ञात हो कि पांचवीं-आठवीं केन्द्रीकृत परीक्षा की वजह से निजी स्कूल इस बार छत्तीसगढ़ बोर्ड की किताबों से ही बच्चों को पढ़ाई करा रहे हैं ताकि परीक्षा के दौरान किसी तरह की दिक्कतें नहीं हो। ऐसे में किताबें नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

शिक्षकों के मुताबिक हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की आधी-अधूरी किताबें ही स्कूलों को मिली हैं। अगले माह तिमाही परीक्षा होनी है और किताबें नहीं होने से बच्चों की चिंता बढ़ गई है।

### स्कूलों को किताबें आधी-अधूरी मिली

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के मुताबिक खास तौर पर निजी स्कूलों को किताबें आधी-अधूरी मिली हैं। पूर्व में बची हुए किताबें शीघ्र भेजने की बात कही थी परंतु अब तक नहीं मिली है। इससे स्कूलों में पढ़ाई का नुकसान हो रहा है। जानकारी मिली है कि नवीन मान्यता वाले स्कूलों को तो किताबें ही नहीं मिली हैं। उन्होंने कहा कि पापुनि शीघ्र ही सभी कक्षाओं और विषयों की पूरी किताबें निजी स्कूलों को शीघ्र उपलब्ध कराएगा। पापुनि के अनुसार सभी कक्षाओं की किताबें निगम के डिपो में उपलब्ध हैं। किसी को किताबों की आवश्यकता है, वे डिपो से किताबें प्राप्त कर सकते हैं।

### स्कूलों में शिक्षक खुद नोट्स बनाकर पढ़ा रहे

हरिभूमि ने इस बारे में स्कूलों से जानकारी ली तो मालूम पड़ा कि छात्र कक्षा में बैठ तो रहे हैं, लेकिन हाथ में किताब नहीं है। शिक्षक पढ़ा तो रहे हैं पर पुस्तकों के बिना ही। पढ़ाई केवल समझाने तक ही सीमित रह गई है। कुछ स्कूलों की कई कक्षाओं में एक भी विषय की किताब नहीं पहुंची है। ऐसें में स्कूलों में किताबें न पहुंचने के कारण बच्चों को पढाई प्रभावित हो रही है। विभागी आकंड़ों के अनुसार जिले में लगभग 14 सौ से ज्यादा सरकारी स्कूल हैं। जिनमें से अब तक 120 से भी ज्यादा स्कूलों में किताबें नहीं पहुंची हैं। कक्षा 8 वीं अभी तक अंग्रेजी और गणित विषय की किताबें नही मिलीं हैं। इसके साथ ही शहर के कई स्कूलों से जानकारी मिली है कि बच्चों को गणित, हिंदी और विज्ञान की किताबें नहीं मिलीं हैं। केवल कुछ विषयों की किताबें आंशिक रूप से आई हैं, जिनसे पूरी कक्षा की पढ़ाई नहीं हो पा रही। स्कूलों में शिक्षक खुद नोट्स बनाकर पढ़ा रहे हैं।

### तीसरी एवं छठवीं में अधिक परेशानी

इधर निजी स्कूल पापुनि से शीघ्र किताबें उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी पहली से तीसरी एवं छठवीं में हो रही है क्योंकि इन कक्षाओं में इस साल से नई शिक्षा नीति के अनुरूप सभी विषयों के नये पाठ्यक्रम लागू किए गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पापुनि द्वारा आपूर्ति के लिए किताबें कम होने पर 8 से 10 लाख की अतिरिक्त किताबें छपवाई जा रही हैं। निजी स्कूलों का कहना है कि शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किए थे कि छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त कोई भी निजी स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबें नहीं पढ़ाएंगे। ऐसा करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे विषयों की किताबें अभी पहुंची नहीं हैं और दूसरी ओर निजी प्रकाशकों की किताबें चला नहीं पा रहे हैं।

### बदलाव के कारण विलंब हुआ है

नई शिक्षा नीति के तहत कोर्स में बदलाव हुए हैं, जिसके कारण स्कूलों में कुछ विषयों की किताबें मिलने में विलंब हुआ है। जैसे ही पाठ्य पुस्तक निगम से पुस्तकें आएंगी वैसे ही जल्द से जल्द स्कूलों में पुस्तकें पहुंचा दी जाएंगी। व्यवस्था बनाई जा रही है।

**- विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

---

**खंडोबा मंदिर से महामाया चौक होते खूंटाघाट तक हुआ है फोरलेन सड़क का निर्माणं**

# 21 करोड़ की सड़क, 15 महीने में ही ...'स्वाहा'



सिद्ध शक्ति पीठ महामाया मंदिर रतनपुर के पास सड़क पर पड़ी दरार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खंडोबा मंदिर से महामाया चौक होते हुए खूंटाघाट बांध तक बनाई गई 21 करोड़ की फोरलेन सड़क 21 महीने भी नहीं टिक पाई। इस सड़क का निर्माण जून 2024 में पूर्ण हुआ था। इस लिहाज से फिलहाल इस सड़क की आयु बमुश्किल पंद्रह महीने ही की ही हो रही है। पंद्रह महीनों में ही सड़क उखड़ चुकी है। लंबे-लंबे क्रेक दिखाई देने लगे हैं।

राज्य शासन द्वारा खंडोबा मंदिर से महामाया चौक होते हुए रतनपुर खूंटाघाट तक फोरलेन सड़क को निर्माण की मंजूरी वर्ष 2021-22 में दी गई गई थी। इस कार्य का ठेका 23 दिसंबर 2022 को जारी कार्यादेश के अनुसार मेसर्स अनिल बिल्डकॉन को दिया गया था। अनुबंध की शर्तों के अनुसार 7.70 किलोमीटर लंबाई वाली इस सड़क को ठेकेदार को पंद्रह महीने के भीतर दिनांक 22 मार्च 2024 तक बनाकर दे देना था। ठेकेदार द्वारा 21 जून 2024 को इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया, लेकिन आज पंद्रह महीने के भीतर ही सड़क उखड़ने लगी है। सड़क की ऊपरी परत बारिश में धुल चुकी है, जिससे गिट्टी उभरकर भ्रष्टाचार का सबूत दे रही है। महामाया गेट के ठीक पहले सड़क पर लंबे-लंबे क्रेक आ गए हैं, जो कुछ ही दिनों में बड़ा रूप ले लेंगे। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सड़क बनाने वाली कंपनी को 20 करोड़ 56 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। ऐसी हालत में सड़क में आई किसी भी तरह की खराबी को विभाग अब कैसे ठीक करवा सकेगा?





बिलासपुर से रतनपुर जाने वाली मुख्य मार्ग पर दिखने लगी गिट्टी।

### शोल्डर के नाम पर खानापूर्ति, धंसी सड़क

सड़क के दोनों ओर मुरूम का शोल्डर बनाना बताया गया है, जबकि दोनों ही ओर सड़क पूरी तरह घंस चुकी है। देखने से ही नजर आ रहा है कि मुरूम के नाम पर मिट्टी की पटाई करके ऊपर जीरा गिट्टी की परत डाल दी गई है, ताकि मामला दबा रहे। अब बारिश में सड़क के दोनों किनारे पूरी तरह धंसने लगे हैं, जिससे दुपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का लगातार भय बना हुआ है।

### नजारा ऐसा मानों डामर ही नहीं पड़ा हो

वैसे तो यह सड़क खंडोबा मंदिर से खूंटाघाट बांध तक बनाई गई है, लेकिन खंडोबा मंदिर से महामाया चौक तक इसकी हालत ज्यादा खराब है। इस बीच कई स्थानों पर सड़क को देखकर ऐसा लग रहा है मानों इसमें डामर ही नहीं पड़ा है। बिलासपुर से रतनपुर की ओर जाते समय भैरोबाबा मंदिर पार करते ही बायीं ओर की सड़क पूरी की पूरी उखड़ चुकी है। ऐसा नजारा एक-दो स्थानों पर न होकर करीब सात सौ मीटर में नजर आ रहा है। देखने से ऐसा लग रहा है कि मानो बारिश के प्रभाव से सड़क धुल गई हो। बस नीचे की गिट्टी और अवशेष बाकी रह गए हों।

### पुराना काम है

यह काम मेरे आने के पहले का है। ऐसा तो नहीं होना चाहिए। मैं चेक करवा लेता हूं।

-सीएस विंध्यराज,
ईई पीडब्ल्यूडी
डिवीजन-1

---

**पीजी की काउंसिलिंग आज**

# सीयू में यूजी की रिक्त सीटों लिए हुई विशेष काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी पाठयक्रमों में तीन राउंड की काउंसिलिंग के बाद भी 315 सीटें रिक्त रह गई थीं। इन सीटों को भरने के लिए सोमवार को यूनिवर्सिटी में आफलाइन विशेष काउंसिलिंग आयोजित की गई, जिसमें काफी कुछ सीटें भर गई हैं। दूसरी तरफ पीजी पाठयक्रमों की रिक्त सीटों के लिए मंगलवार को आफलान काउंसिलिंग रखी गई है।

सीयू में यूजी के विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए दो बार आनलाइन काउंसिलिंग और एक बार आफलाइन काउंसिलिंग आयोजित की गई थी। इन तीनों काउंसिलिंग में सीयूईटी के स्कोर के आधार पर एडमिशन दिया गया। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी पाठयक्रमों में कुल 2 हजार 159 सीटें हैं। इसमें पहले दो राउंड के आनलाइन काउंसिलिंग बाद करीब 700 सीटों पर ही एडमिशन हो पाया था। इसके बाद थर्ड राउंड में आफलाइन काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को बुलाया गया और थर्ड राउंड के आफलाइन काउंसिलिंग में काफी कुछ सीटें भर गई थीं, लेकिन तीन राउंड के काउंसिलिंग पश्चात भी यूजी पाठयक्रमों में 315 सीटें खाली रह गई थीं। खासकर बीए हिन्दी, बीएससी इलेक्ट्रानिक्स, बीएससी बॉटनी, बीएससी रूरल टेक्नालाजी एवं बीए जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेश,बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन जैसे पाठयक्रमों में काफी सीटें खाली बची थीं। इसके साथ ही बीए एंथ्रोपोलाजी, बीए इकानॉमिक्स, बीए इंग्लिश, बीए हिस्ट्री, बीए पोलटिकल साइंस, बीएससी एंथ्रोपोलाजी, बीएससी जूलाजी, बीएससी फारेस्ट्री, डिप्लोमा इन फार्मेसी आदि पाठयक्रमों में सीटें रिक्त रह गई थी। इसके लिए आज आफलाइन विशेष काउंसिलिंग रखा गया था, जिसमें सीयूईटी वाले सहित बिना सीयूईटी वालों को भी सम्मिलित होने का अवसर दिया गया। इस विशेष काउंसिलिंग में कई पाठयक्रमों की सीटें भर गई हैं।

### पीजी पाठयक्रमों में रिक्त 250 सीटें

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में तीन-चार राउंड आनलाइन, आफलाइन काउंसिलिंग के बाद भी पीजी पाठयक्रमों में लगभग 250 सीटें रिक्त रह गई है। इन रिक्त सीटों को भरने के लिए यूनिवर्सिटी मंगलवार को विशेष आफलाइन काउंसिलिंग रखी गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी की कुल 1400 सीटें हैं। पीजी पाठयक्रमों में कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस एग्जाम, सीयूईटी के स्कोर के आधार पर एडमिशन दिया जाता है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी के 33 पाठयक्रम है। इसके लिए सीयूईटी का रिजल्ट आने के बाद जून माह में ही रजिस्ट्रेशन और आनलाइन काउंसिलिंग शुरू हो गई थी। आनलाइन एवं आफलाइन मिलाकर पीजी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए अभी तक चार राउंड काउंसिलिंग आयोजित की जा चुकी है। इसके बाद भी पीजी की 1400 सीटों में से लगभग ढाई सौ सीटें रिक्त रह गई हैं, इसलिए अब सेंट्रल यूनिवर्सिटी पीजी की रिक्त सीटों को भरने के लिए 16 सितंबर को विशेष आफलाइन काउंसिलिंग करने जा रही है।

---

# कार सवार को जबरिया रोककर पैसे की मांग कर मारपीट, बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



■ तिफरा फ्लाई ओवरब्रिज के पास की घटना

कार सवार को जबरिया रोककर पैसे की मांग कर जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने हमलावर गुण्डा बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन थाना के एसआई पूरन सिंह बघेल ने बताया, रायपुर तिलदा निवासी दुर्गेश कुमार तिवारी पिता ओमप्रकाश तिवारी भारत एल्यूमीनियम कंपनी प्रोजेक्ट में काम करते हैं। 14 सितंबर को वे दोस्त सूर्यप्रकाश कुमार शाह, विवेश शाह के साथ कार से कोरबा जा रहे थे। रात 9.30 बजे तिफरा फ्लाई ओवरब्रिज ढलान में एक बाइक चालक उनकी कार के सामने आकर एक युवक जबरिया पैसे की मांग करने लगा। मना करने पर गाली देते हुए उनकी कार को हाथ से ठोंकने लगा। विरोध करने पर पास में खड़े एक युवक उसे तारन निर्मलकर नाम से पुकारा। उसके बाद तारन निर्मलकर ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने दुर्गेश की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 126, 2, 296, 115, 2, 151, 2, 119, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया।

एसआई श्री बघेल ने तिफरा क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी तारन निर्मलकर पिता स्व. बिसरू निर्मलकर 30 साल तिफरा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। श्री बघेल ने बताया, आरोपी तारन निर्मलकर गुण्डा बदमाश है उसके खिलाफ पूर्व में हत्या के प्रयास सहित 6 प्रकरण दर्ज हैं।

# झपट्टा मारकर छात्र से 41 हजार का मोबाइल लूटा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

झपट्टा मारकर छात्र से 41 हजार रुपए का मोबाइल लूटने वाले बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, दयालबंद निवासी कुनाल केसरी पिता सन्नी केसरी कक्षा 6 वीं का छात्र है। 14 सितंबर की रात 8 बजे वह अपनी दादी के घर गया था। लौटते समय वह चाकलेट किड्स स्कूल के सामने पहुंचा था। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर उसके हाथ से एप्पल कंपनी का आईफोन लूटकर तोरवा की ओर भाग गए। मोबाइल की कीमत 41 हजार रुपए बताई जा रही है। छात्र ने घटना की सूचना अपने पिता को दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया। टीआई देवेश सिंह राठौर ने मामले में सक्रियता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालकर तारबाहर निवासी सचिन यादव पिता मूलचंद यादव 43 साल, प्रियांशु राजपूत पिता शिवा राजपूत 25 साल को पकड़कर मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रतिबंधित कफ सिरप सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** तेजी से ग्रामीण क्षेत्रों में नशे का जाल फैलते जा रहा है। पुलिस ने कोटा क्षेत्र में दबिश देकर प्रतिबंधित कफ सिरप सहित दो युवकों को पकड़ा है। उनके पास से 69 नग सिरप जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली कोटा क्षेत्र के कलमीटार रेलवे अंडरब्रिज के पास दो युवक प्रतिबंधित कफ सिरप बिक्री करने के लिए जा रहे हैं। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने थाने के स्टाप व एसीसीयू टीम के साथ अंडरब्रिज के पास घेराबंदी कर नेवरा निवासी धरमदास यादव पिता थानूराम यादव 30 साल, सुनील साहू पिता स्व. रामेश्वर साहू 38 साल को पकड़ लिया। उनके पास से 69 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कफ सिरप जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



---

**डंडे से पिटाई के बाद हुई मौत, आरोपी गिरफ्तार, जमगला क्षेत्र का मामला**

# बाइक चलाने नहीं देने पर युवक ने पिता को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाइक चलाने के लिए नहीं देने और गिरवी रखने की बात से नाराज कलयुगी पुत्र ने पिता की डंडे से बेदम पिटाई कर दी। इस मारपीट से ग्रामीण की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि 14 सितम्बर को लखनपुर पुलिस को जमगला सरपंच की ओर से सूचना मिली थी कि गांव में एक युवक ने अपने पिता की हत्या कर दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान यह जानकारी सामने आई कि मृतक 45 वर्षीय रकसूदन वैष्णव अपने पुत्र रोशन वैष्णव के साथ रहता था और किसी ना किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होता रहता था। 14 सितम्बर को भी दोनों के बीच हुए झगडा विवाद में पुत्र ने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने जब मामले में जमगला निवासी 19 वर्षीय रोशन वैष्णव आ. रकसूदन वैष्णव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि रकसूदन वैष्णव बेटे को बाइक चलाने नहीं देता था और गांव में किसी के पास गिरवी रख दिया था। इसी बात को लेकर आए दिन दोनों के बीच विवाद होता रहता था। दो दिन पूर्व भी युवक ने विवाद में अपने पिता की पिटाई की थी वहीं 14 सितम्बर की शाम भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान युवक ने पिता पर डंडे से तीन से चार बार वार कर दिया। इस घटना में रकसूदन वैष्णव की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद करने के साथ ही बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर शशिकांत सिन्हा, उनि केके यादव, प्रधान आरक्षक सुरजीत कोरी, आरक्षक राकेश एक्का, जगेश्वर बघेल, दशरथ राजवाड़े सक्रिय रहे।



## खबर संक्षेप



### श्रम विभाग द्वारा पताड़ी पावर प्लांट में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव वर्ष 2025-26 के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा पावर प्लांट पताड़ी में 13 सितंबर को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर एवं दवाई वितरण के साथ ही श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण कैंप लगाया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 361 श्रमिकों ने स्वास्थ्य जांच व श्रमिक कार्ड का लाभ उठाया। इनमें से 93 श्रमिकों ने बीओसी पंजीयन कराया, वहीं केपीएल के डॉक्टरों द्वारा 177 श्रमिकों का इलाज किया गया और ईएसआईसी के माध्यम से 184 लोगों का उपचार हुआ। श्रम विभाग की ओर से सहायक श्रम अधिकारी मंजूलता कुर्रे एवं श्रम कल्याण अधिकारी दिग्विजय गुरुपच ने बताया कि इस श्रृंखला में आगामी कैंप 15 सितंबर को भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) तथा 16 सितंबर को डीएसपीएम सीएसईबी (पूर्व कोरबा) प्लांट में आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन में श्रम कल्याण निरीक्षक मनीष भीष्म, वीरेंद्र राठौड़, जसमीत चंद्रिका, दास महंत, पंकज भारद्वाज, नितेश राठौर, आशीष, दिनेश, वीरेंद्र साहू, गिरिजा सूर्यवंशी सहित मेडिकल विभाग की टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही।

### बांकीमोंगरा मंडल में हुआ सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन



**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा और समर्पण के भाव से भाजपाइयों ने बांकीमोंगरा मंडल में कार्यशाला आयोजित कर संकल्प लिया कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा का संवेदनशील स्पर्श पहुँचाना ही भाजपा संगठन का असली कार्य है। सामुदायिक भवन (पानी टंकी) में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य प्रवक्ता एवं अतिथि के रूप में पहुंचे पार्षद एवं भाजयुमो जिलामहामंत्री नरेंद्र देवांगन ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन एवं संबोधित किया। श्री देवांगन ने आह्वान किया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में हर मंडल और हर जिले में कार्यकर्ताओं को तन-मन से जुटकर समाजहित में काम करना होगा। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, जिलामंत्री सतीश झा, जिला खनिज न्यास सदस्य एवं पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, जिलामंत्री कमला बरेठ, शाला प्रबंधन समिति सदस्य रामकुमार राठौर, कपूरचंद पटेल, वीरेंद्र कुमार श्रीवास, आनंदी, सालिकराम दुबे, सुंदर बंजारे, विकेश झा, अनीता राजपूत, गौरी केवट, रितेश अग्रवाल, कविता यादव, प्रणय मिश्रा, मुकेश कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे।

### जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा में शासकीय राशि का किया जा रहा दुरूपयोग

**कोरबा।** जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा में सरकारी धन के दुरुपयोग का एक बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि पंचायत चुनाव समाप्त होने के बाद भी चुनाव कार्य के नाम पर फोटोकॉपी बिल बनाकर लाखों रुपये का भुगतान दिया गया है। इस मामले में जनपद सीईओ और शाखा प्रभारी समेत अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से स्थानीय निजी दुकान संचालक को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक 24 मार्च को एक ही दिन में 8 अलग-अलग बिल क्रमांक 181 से 193 जारी किए गए। इनमें प्रति फोटोकॉपी 2 रूपये की दर से कुल 3 लाख 86 हजार 760 के बिल बनाए गए। बिलों की राशि 47 हजार से लेकर 50 हजार तक दर्ज की गई, जिनका भुगतान 15वें वित्त आयोग की राशि से कर दिया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि 17 फरवरी को पंचायत चुनाव की मतदान और मतगणना प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, इसके बावजूद एक माह बाद चुनावी खर्च के नाम पर यह बिल तैयार किए गए। 15वें वित्त आयोग की राशि का इस तरह फोटोकॉपी और स्टेशनरी जैसे खर्चों में उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नापी करने पहुंची...

सूचना दिए गांव में अशांति फैलाने जबरदस्ती नापी सर्वे करवाने के विरोध हरदीबाजार थाना में शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान हरदीबाजार तहसीलदार विष्णु प्रसाद पैंकरा, नायाब तहसीलदार संदीप गुप्ता, पटवारी शिवलाल भगत,दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू, हरदीबाजार एएसआई विजय सिंह मौजूद रहें।

### एनएचआई के ...

मार्ग में चलना लोगों के लिए दुश्वार हो गया है छोटी-मोटी कार व बाइक गड्ढे में घुस आ रही है तो तालाबनुमा गड्ढे की वजह से आए दिन मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। स्थानीय लोगों ने इसे लेकर कई बार एनएचएआई के अफसरों से गुहार भी लगाई है लेकिन एनएचएआई के अफसर मार्ग की दशा और दिशा बदलने की दिशा पर कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं। इस मामले को लेकर स्थानीय निवासी अनिल द्विवेदी ने इस मामले के लिखित शिकायत कटघोरा थाने में की है और एनएचएआई के अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की गुहार लगाई है।

## शिक्षा से वंचित समाज के बच्चों को मिलेगी शहर में आवासीय सुविधा

# पिछड़ी संरक्षित जनजाति समाज की बैठक आवासीय विद्यालय को बताया बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएम जनमन योजना अंतर्गत शामिल किए गए बिरहोर, पंडो, कोरवा जैसी पिछड़ी संरक्षित जनजातियों के छात्रों के लिए शहर में आवासीय विद्यालय खोले जाने के मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद जनजाति समाज की बैठक आहूत की गई। जिसमें प्रशासन के इस कदम को समाज के उत्थान का रास्ता बताया गया है।



बैठक में उपस्थित जनजाति समाज के सदस्य।

**खास बात**

- बैठक में समाज के प्रमुखों ने प्रशासन के कदम को बताया उत्थान का रास्ता

दो दिन पूर्व समाज की बैठक कटघोरा विकासखंड के ग्राम रलिया में आहूत की गई। जिसमें बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, पंडो सहित अन्य जनजातियां जो पिछड़ी संरक्षित जनजातियां में आती है उनके समाज प्रमुख और सदस्य शामिल थे। बैठक में मुख्यमंत्री के द्वारा अपने पूर्व प्रवास के दौरान जनजाति विद्यार्थियों के लिए जिले में आवासीय विद्यालय खोले जाने की घोषणा के संबंध में चर्चा कर इसे समाज के शिक्षा से वंचित छात्रों के लिए एक बड़ी सुविधा बताया। समाज के प्रमुख परसराम पहाड़ी कोरवा ने बताया कि अब तक जिले में इस तरह की सुविधा उनके समाज के लोगों को नहीं मिली थी पहली बार ऐसी सुविधा मिली है इससे उनके समाज के छात्र छात्राओं को जो 5वीं कक्षा के बाद दूर जाने स्कूल जाने के डर से पढ़ाई छोड़ देते थे उन्हें अब शहर में ही आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई करने की सुविधा मिलेगी। उद्योग मंत्री व जिला प्रशासन की इस कदम से पिछड़ी संरक्षित जनजाति समाज का उत्थान हो सकेगा। बैठक में कोरबा जिले के अलावा मरवाही पेंड्रा, बिलासपुर और धरमजयगढ़ तथा जशपुर के जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे। जिनके द्वारा उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं कलेक्टर अजीत वसंत के प्रयासों की सराहना की गई।

**इन क्षेत्रों में है निवास**

जिले के ग्रामीण अंचलों में बिरहोर, पंडो, पहाड़ी कोरवा, जनजाति समाज के लोग निवास करते हैं जिनमें कुदरीचिंगर, कुटरुंवा, नकिया, औरकछार, भुरुमाटी, आछिमार, चिरईझूंज, डोगाआमा, मालीकछार, केराकछार, हल्दीमांड़ा, लामपहाड़, डोकरमना तथा दूधीटांगर जैसे छोटे छोटे ग्रामों में जनजाति परिवार निवास करता है जिनके बच्चों की शिक्षा के लिए प्राथमिक शाला ही संचालित हैं। आवासीय विद्यालय के शुरु होने से इनके बच्चों की शिक्षा के लिए रास्ता खुलेगा।

## पीडब्ल्यूडी कार्यालय में दोपहर 12 बजे तक पसरा रहा सन्नाटा, अधिकारी कर्मचारी रहे नदारद



विभाग की खाली पड़ी कुर्सी टेबल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सरकारी कार्यालय में लोगों को बेहतर सुविधा मिले इसके लिए जरूरी है कि अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का निर्माण पूरी निष्ठा से करें। लेकिन लोक निर्माण विभाग के कटघोरा स्थित सब डिवीजन कार्यालय की दशा बिल्कुल अलग है। यहां पर अधिकारी से लेकर कर्मचारियों ने समय पर नहीं आने की जैसे सौगंध ले ली है।

रविवार अवकाश के बाद सोमवार को प्रथम कार्यालय दिवस पर लोक निर्माण विभाग के सबडिवीजन कार्यालय क्रमांक 2 में दोपहर 12 बजे तक ना तो कोई अधिकारी पहुंचा और ना ही कर्मचारी। इस दौरान अपने काम के सिलसिले में पहुंचे लोगों को हैरानी हुई कि आखिर यह किस तरह का कार्यालय है। उनकी चिंता इस बात को लेकर ठीक ही आखिर यह कार्यालय कितने घंटे चलता होगा और यहां का स्टाफ कितने घंटे अपनी सेवाएं देता होगा जिसके लिए सरकार उसे अच्छा खासा वेतन दे रही है। जानकारी मिली कि लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ यहां के कुछ और भी सरकारी कार्यालय हैं जहां पर स्टाफ ने अंधेरगर्दी बनाकर रखी हुई है। उनके इस रवैया के कारण सामान्य कामकाज जहां बाधित होता है, वहीं कई प्रकार के सवाल खड़े होते हैं कि आखिर यह ड्यूटी है किस प्रकार की?

## अग्रसेन जयंती के पूर्व प्रतियोगिताओं का आयोजन आभा व भावना ने दिखाई रंगोली में अपनी प्रतिभा





बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रवाल समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक उत्थान हेतु अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण इसका विशेष थीम ब्लैक एंड व्हाइट रहा, जिसने प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता व कलात्मक दृष्टि को नए आयाम देने का अवसर प्रदान किया।

प्रतियोगिता में समाज की महिलाओं और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लगभग 30 से 35 प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी कल्पनाशक्ति और कला कौशल से अलग-अलग डिज़ाइन प्रस्तुत किए। केवल दो रंगों काले और सफेद का प्रयोग करते हुए प्रतिभागियों ने आकर्षक, मनमोहक और गहन संदेश देने वाली रंगोलियाँ बनाई। उपस्थित जनसमूह एवं निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों की कलाकृतियों की मुक्तकंठ से सराहना की। निर्णायकों द्वारा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें प्रथम स्थान कु आभा गोयल द्वितीय स्थान श्रीमती भावना गर्ग, विजेताओं को मंडल की ओर से सम्मानित किया गया तथा अन्य प्रतिभागियों का भी उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडल के पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य समाज में कला, संस्कृति और परंपरा के प्रति लगाव को बढ़ावा देना है। ब्लैक एंड व्हाइट थीम ने हमें यह सिखाया कि सीमित साधनों में भी असीमित कल्पनाशक्ति व्यक्त की जा सकती है।

### अभियंता दिवस पर हुआ वर्क लाइफ बैलेंस थ्रू स्पिरिचूऐलिटी पर कार्यक्रम

**कोरबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विश्व सदभावना भवन में 15 सितम्बर अभियंता दिवस के उपलक्ष्य में वर्क लाइफ बैलेंस थ्रू स्पिरिचूऐलिटी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य इंजिनियरों तथा युवाओं को यह सन्देश देना था कि व्यस्त जीवनशैली और बढ़ते कार्यभार के बीच आत्मिक शक्ति और आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से जीवन को संतुलित किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी परमेन्द्र पाण्डेय, सीएसपीजीसीएल पूर्व डायरेक्टर जनरेशन सीपी पाण्डेय, इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड एक्स जी.एम विद्युत सरकार, बीके रुक्मणी, बीके बिंदु साथ ही कोरवा क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों से, शासकीय एवं स्वायत संस्थानों से इंजिनियरों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुवात भारतरत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर बीके बिन्दु ने कहा की इंजिनियर समाज के निर्माता है। जिस प्रकार आप पुल, सड़क, भवन और मशीने बनाते है, उसी प्रकार जीवन रुपी इमारत को भी सशक्त और स्थायी बनाने के लिए आत्मिक इंजीनियरिंग की आवश्यकता है। कार्यक्रम को परमेन्द्र पाण्डेय, वीके रुक्मणी, विद्युत सरकार ने संबोधित किया। इस दौरान कुमारी सौम्या, एके शर्मा, बीके विद्या, बीके स्मृति उपस्थित रहे।



## सफल लोग शॉर्टकट की जगह कठिन मेहनत के लिए रहते हैं तैयार: स्टीव वॉ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में शुक्रवार को कोल इंडिया गोल्डन जुबली लेक्चर सीरीज़ एवं एसईसीएल रूबी जुबली के अंतर्गत विश्व प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कप्तान, वर्ल्ड कप विजेता एवं समाजसेवी स्टीव वॉ का प्रेरक व्याख्यान आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित एसईसीएल के अधिकारी।

अपने उद्बोधन में स्टीव वॉ ने कहा कि सफल लोग कभी बहाने नहीं बनाते, शॉर्टकट नहीं अपनाते वे हमेशा अतिरिक्त प्रयास करते हैं और कठिन मेहनत करने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने बताया कि बतौर कप्तान उनकी फिलॉसफी रही कि सभी को समान रूप से लेकिन अलग-अलग तरीके से ट्रीट करना चाहिए। इसका अर्थ यह था कि अनुशासन और आपसी सम्मान जैसी बुनियादी बातें सभी के लिए समान हों, लेकिन हर व्यक्ति को अपनी अनूठी शैली में खेलने और प्रदर्शन करने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने सफलता के लिए 3पी प्रेशर, पार्टनरशिप और पेशेंस (दबाव, साझेदारी और धैर्य) को महत्वपूर्ण बताया। स्टीव वॉ ने टीम एसईसीएल की एकजुटता, आत्मविश्वास और ऊर्जा सुरक्षा में किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे प्रत्येक व्यक्ति में गर्व और समर्पण की झलक देख पा रहे हैं। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी संचालन) एन.फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, निदेशक (तकनीकी योजना एवं परियोजना) आरसी महापात्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, जिला प्रशासन, रेलवे के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, यूनियन, सिस्टा, काउंसिल के प्रतिनिधि, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। निदेशक कार्मिक बिरंची दास ने कहा कि आज टीम एसईसीएल के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि हमें एक ऐसी महान शख्सियत से प्रेरणा लेने का अवसर मिला जो न केवल खेल के क्षेत्र में अपितु समाजसेवा में भी अग्रणी रहे हैं। टीम एसईसीएल निश्चित ही श्री वॉ द्वारा बताए गए सूत्रों से प्रेरित होगी। कोल इंडिया के 50 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में गोल्डन जुबली लेक्चर सीरीज़ का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में यह आयोजन एसईसीएल द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

## तीन दिवसीय फ्रेंडली क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरसीसी के अध्यक्ष बी एल निराला के द्वारा तीन दिवसीय फ्रेंडली क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें 4 टीमों ने भागीदारी निभाई जिनमें आरसीसी 11 कोरबा, लेजेंडरी 11 पोड़ीबहार, राजेश 11, जेजेसी 11 टीम के द्वारा भागीदारी निभाई गई। टूर्नामेंट का लीग मैच के पश्चात सेमीफाइनल मैच आरसीसी 11 और लेजेंडरी 11 के मध्य खेल गया। जिसमें आरसीसी 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 118 रन बनाए जवाब में लेजेंडरी 11 पोड़ीबहार के टीम केवल 57 रन पर ही सिमट गईं और आरसीसी 11 फाइनल पहुंच गई। मैन ऑफ द मैच बलराज रहे। जिन्होंने शानदार 56 रन बनाए। फाइनल मैच आरसीसी 11 और राजेश 11 के मध्य खेल गया जिसमें राजेश 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में सुशांत 57 रन गिरीश के 50 रनों के बदौलत 138 रन बनाए। जवाब में आरसीसी 11 के द्वारा ओपनिंग जोड़ी दीपक ओर हरीश के 80 रनों के साझेदारी से अमन के 24 रन और बलराज कश्यप के विजयी छक्के से 9.2 ओवर में ही 141 रन बनाकर आरसीसी फ्रेंडली क्रिकेट टूर्नामेंट कप पर आरसीसी 11 ने कब्जा किया। अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। तृतीय स्थान पर लेजेंडरी 11 पोड़ीबहार द्वितीय स्थान पर राजेश 11 और प्रथम स्थान आरसीसी 11 कोरबा रहा जिन्हें शील्ड और ट्रॉफी प्रदान किया गया।



## बिजनेस प्लस

### राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो की प्रदर्शनी में ग्राहकों की लगी भीड़



**कोरबा।** राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो की प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ओपन थियेटर मैदान में संचालित हो चुकी है। संचालक अनिल यादव ने बताया कि यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है, इस प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों के अर्थेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी तथा भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है, वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं कोरबा में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, कश्मीरी पश्मीना शॉल व सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, महाराष्ट्र की फैंसी चप्पलें, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, मुरादाबाद गिफ्ट आइटम, मेरठ खादी शर्ट, लेडिस कुर्ती, भदोही के सिल्क कारपेट, सहारनपुर के फर्निचर, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक पापड़ व स्वादिष्ट आचार, नागालैंड के ड्राई फ्लावर, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग, जूट चप्पल एवं आकर्षक खुर्जा के क्रोक्रि सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है। त्यौहार पर्व के शुभ अवसर पर सामानों की खरीदी कर विशेष आकर्षक की कई वस्तुएं घरों के उपयोग में आने वाली कई समान ग्राहकों हेतु रखे गये हैं। ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा खरीदी का लाभ उठाए।

### एसईसीएल मुख्यालय में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय में सोमवार को राजभाषा पखवाड़ा उद्घाटन समारोह का आयोजन गरिमामय माहौल में किया गया। समारोह की अध्यक्षता अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने की। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार और मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा श्रमसंघ प्रतिनिधियों ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की। दिलीप कुमार सिंह ने संचालन करते हुए पखवाड़े के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और विभिन्न प्रतियोगिताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। इनमें हिंदी पत्र एवं टिप्पण लेखन, अनुभाग प्रमुखों और महाप्रबंधकों हेतु हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता, चित्र आधारित कहानी लेखन, व्याकरण ज्ञान प्रतियोगिता, गृहणियों के लिए निबंध लेखन, कंप्यूटर आधारित हिंदी टंकण, हिंदी अंताक्षरी, भाषण, कविता पाठ तथा ठेका कामगारों के लिए हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता प्रमुख रूप से शामिल हैं। अध्यक्षीय संबोधन में हरीश दुहन ने कहा कि हिंदी हमें एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। यह सरल, सुगम, सुबोध और संपर्क की भाषा है, जिसकी पूरे देश में स्वीकार्यता है। हिंदी हमारी एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से अपील की कि वे कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें और ई-ऑफिस के माध्यम से इसे व्यवहार में लाएं। साथ ही उन्होंने सभी को राजभाषा पखवाड़े की प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया।

## राम मंदिर में पूजा अर्चना, अखंड ज्योत लाने श्रद्धालु कामाख्या रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रवाना होने के पूर्व मंदिर में उपस्थित यात्रा के सदस्य।

गौमुखी सेवाधाम देवपहरी में सप्त सरोवर का निर्माण हो रहा है। देवपहरी में माता सिद्धिदात्री के भुवन में सात देवियां भारत के सात स्थान से अखण्ड ज्योति के रूप में स्थापित होंगी। केशव उपनगर बालको की टीम अखण्ड ज्योति लेने रविवार को कामाख्या देवी असम को रवाना हुई। इस पुनीत कार्य का दायित्व देवेंद्र द्विवेदी व संतोष यादव को दिया गया है। बालको नगर राम मंदिर में पुरोहित के द्वारा विशेष पूजा अर्चना कराई गई। इसके बाद समूह ने कामाख्या को प्रस्थान किया। अखण्ड ज्योति के साथ माता का सिंदूर आएगा, जिसे सुहागिनों को प्रसाद के रूप में दिया जाएगा।

इस अवसर पर गोमुखी सेवा धाम के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, किशोर बुटोलिया, डीलेंद्र यादव, सुमित तिवारी, जयनंद राठौर ,संपत यादव, लोकेश्वर चौहान, अर्चना रुणीझा, रमेश सोनी, मनोज भार्या, जीएल चौधरी, हितानन्द अग्रवाल, शिव अवतार, हेमनाथ पटेल, रेणु प्रसाद, माहेश्वरी गोस्वामी, भाग्यश्री सोनी, गीता चौधरी, उर्मिला यादव, बाल कुंवर चौधरी, निखिल मित्तल, भूपेंद्र चौधरी, मालती वर्मा, लखन चंद्र, सुधीर शर्मा, हेमलता निर्मलकर, ओम प्रकाश जायसवाल, प्रिया द्विवेदी, मनजीत कौर, नारायणी दुबे, बोधन राठौर, हेमनाथ पटेल रेहन पटेल सहित नागरिक उपस्थित रहे। सिद्ध शक्तिपीठ कालिका देवी और माता वैष्णो देवी की अखंड ज्योत लेने के लिए भक्तों की टीम 15 सितंबर को सुबह 4 बजे जलाराम मंदिर डीएम रोड में पूजा अर्चना के बाद पावागढ़ गुजरात और कटरा जम्मू कश्मीर के लिए प्रस्थान करेगी।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप

### वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत कांग्रेस की मशाल रैली आज

**कोरबा।** वोट चोरी, हकीकत में लोकतंत्र की चोरी के मुद्दों को लेकर कांग्रेस इन दिनों वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान के साथ-साथ हस्ताक्षर अभियान पूरी ताकत के साथ चला रही है जिसके तहत कोरबा में 16 सितम्बर को सुभाष चैक निहारिका से स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति उद्यान तक विशाल मशाल यात्रा, हस्ताक्षर अभियान एवं आमसभा होगी। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बताया कि 16 सितम्बर को संध्या 7 बजे निहारिका टाकीज के पास स्थापित सुभाषचन्द्र बोस के प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर एवं पुष्पांजली अर्पित कर विशाल मशाल यात्रा प्रारंभ होगी, तत्पश्चात ओपन थिऐटर के पास डा. भीमराव अम्बेडकर एवं घंटाघर चैक के पास मिनीमाता तथा स्व. बिसाहूदास महंत के प्रतिमा के समक्ष केंडल जलाकर एवं पुष्पांजली अर्पित करेंगे।

### कटघोरा विधायक ने ज्योतिर्लिंग दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**हरदीबाजार।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रेमचंद पटेल के मार्गदर्शन में गुजरात भ्रमण पर हैं जहां सर्वप्रथम भगवान विष्णु के द्वारिकापुरी धाम में श्री कृष्ण दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं बाबा नागेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन किया तत्पश्चात बाबा सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का दर्शन प्राप्त कर क्षेत्र में सुख शांति की कामना के साथ आशीर्वाद लिया। इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री संजय शर्मा, विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा, मंडल अध्यक्ष कटघोरा अभिषेक अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि ब्यास राठौर, पाली भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल, यशवंत राठौर (राजू), रघुराज सिंह उइके, समजित सिंह ,मन्नू राठौर (साईं), अनुराग दुहलानी सहित अन्य साथियों के साथ ज्योतिर्लिंग दर्शन कर क्षेत्र में सुख शांति की कामना किया गया।

### दर्री मंडल में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन



**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक देशभर में आयोजित किए जाने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत दर्री मंडल में भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष मनोज लहरे की अध्यक्षता में अग्रमंगल भवन दर्री में संपन्न हुई। मुख्य वक्ता के रूप में कोषाबाड़ी के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल ने सेवा पखवाड़ा के महत्व, उद्देश्य व उसके प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए व्यापक मार्गदर्शन दिया। दर्री मंडल अध्यक्ष मनोज लहरे ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान किस प्रकार बूथ स्तर पर प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वच्छता अभियान, एक पेड़ माता के नाम, बूथ स्तरीय बैठक, कार्यकर्ताओं के घर भोजन, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर माल्यार्पण, तथा 2 अक्टूबर गांधी जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर इसे सफलतापूर्वक संपन्न किया जाएगा। कार्यशाला में अनेक वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व व वर्तमान मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, पार्षद, संयोजक, युवा मोर्चा व महिला मोर्चा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रमुख उपस्थित नेताओं में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू, नारायण सिंह ठाकुर, तुलसी प्रसाद ठाकुर, नरेंद्र वाकडे, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज अग्रवाल, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष ललन सिंह, वरिष्ठ नेता दिलीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय मिरी, होमलाल भारिया, सुनीता पांडे, महामंत्री अंजय अग्रवाल, किशोर साहू, संयोजक अनिल गिरी, सह संयोजक सरोज सिंह, पार्षद राधा महंत, मुकुंद सिंह कंवर आदि उपस्थित रहे।

### रजत महोत्सव अंतर्गत जिले में आयोजित हुआ महतारी सम्मेलन

# महिला सशक्तिकरण व बाल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही राज्य सरकार: लखनलाल



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योगमंत्री, सांसद व महापौर सहित विभागीय अधिकारी।



कार्यक्रम में शपथ लेती विभागीय कर्मचारी और समूह की महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार रजत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इंदिरा स्टेडियम में महतारी सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम एवं आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं की उन्नति के लिए चलाई जा रही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा बाल विवाह निषेध हेतु उपस्थितजनों को शपथ भी दिलाई।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण और बाल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि शासन का संकल्प है कि बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान प्राप्त हो तथा महिलाएँ आत्मनिर्भर बनकर समाज की रीढ़ बनें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचना चाहिए। आज महिलाएँ और बेटियाँ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रही हैं। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने भी संबोधित करते हुए कहा कि शासन की अनेक योजनाएँ महिलाओं और बेटियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। आज महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और आत्मनिर्भरता के साथ समाज की दिशा तय कर रही हैं। सम्मेलन के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाली माताओं एवं बहनों को सम्मानित किया गया। साथ ही जिले के मेधावी बच्चों को भी पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पार्षद नरेंद्र देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन 212 अभ्यर्थी हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा के द्वारा रजत जयंती के उपलक्ष्य में 12 सितम्बर को शासकीय ई.व्ही पी.जी.कॉलेज कोरबा एवं 13 सितम्बर को कमला नेहरू कॉलेज कोरबा में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में कुल 8 नियोजक सम्मिलित हुए जिसमें जिफसा कोरबा, वेक्टर फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर, आईसेक्ट पी.एम.के.के. कोसाबाड़ी कोरबा, टाटा.ए.आई.ए.लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमि. वेदांता कोरबा, सोनी मल्टी सर्विसेस, स्पंदना स्फूर्ति फायनेंशियल लिमि0 जांजगीर, रिफ्लेक्शन मैनेजमेंट सर्विस कोरबा सम्मिलित हुए। कंपनियों द्वारा कुल 550 पद के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया गया। साक्षात्कार हेतु 588 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जिसमें नियोजकों द्वारा प्रारंभिक रूप से 212 अभ्यर्थियों काएवं अंतिम रूप से 97 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।



मेले के स्टॉल में जनकारी लेते बेरोजगार युवक।

## नवरात्रि में बिजली की आंखमिचौली ना करे परेशान इसलिए विभाग ने शुरू किया मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मेंटेनेंस करते बिजली कर्मी।

नवरात्रि पर्व की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। जिसके लिए सभी समितियों द्वारा अपने-अपने पूजा पंडालों में जोर-शोर से तैयारी शुरू कर दी गई है। खासतौर पर देर शाम होते ही पूजा पंडाल अलग-अलग तरह से रोशनी से नहा उठते हैं और आकर्षक लाइट शहर की शोभा बढ़ाती है। जिसकी वजह से शहर में विद्युत विभाग का लोड बढ़ता है और नवरात्रि में बिजली की आंखमिचोली का सामना ना करना पड़े इसके लिए शहरी क्षेत्र में विद्युत वितरण विभाग ने मेंटेनेंस शुरू कर दिया है।

22 सितंबर से नवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो रहा है। इसके लिए शहर व ग्रामीण क्षेत्र सहित उपनगरीय क्षेत्र में नवरात्रि को लेकर पूजा पंडालों में समितियों ने तैयारी शुरू कर दी है और पूजा पंडालों को सजाने का काम शुरू हो चुका है। पूजा पंडालों में बड़े पैमाने पर झालर लाइट सहित आकर्षक लाइट से सजाए जाते हैं। इस दौरान बड़े पैमाने पर बिजली की डिमांड होती है और शहर में लोड भी काफी बड़े पैमाने पर बढ़ जाता है। इस दौरान विद्युत व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान ना हो और शहरवासियों को बेहतर ढंग से सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हो सके इसके लिए विद्युत वितरण विभाग ने शहर के अलग-अलग क्षेत्र में मेंटेनेंस की तैयारी कर काम शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि पाड़ीमार जोन के अंतर्गत निहारिका क्षेत्र में सोमवार को ट्री कटिंग व मेंटेनेंस का काम विद्युत वितरण विभाग द्वारा किया गया। लगभग ढाई घंटे विद्युत आपूर्ति ठप्प की गई और एक-एक कर लाइन मेंटेनेंस का काम किया गया और जिस जिस इलाके में बड़े पैमाने पर पेड़ बड़े हो गए थे उस क्षेत्र में ट्री कटिंग का अभियान चलाया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शहरी क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्र में यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि 22 सितंबर तक शहर की विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाई जा सके और शहरवासियों को बेहतर विद्युत आपूर्ति की जा सके।

### बाइक से गिरकर युवक की मौत

**कोरबा।** मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उचलेंगा निवासी कलेश्वर बिंझवार 22 वर्ष पिता परसराम बिंझवार सुबह अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 बीसी 7502 में सवार होकर किसी काम से मोरगा आया हुआ था लगभग 12 बजे वह काम निपटाकर मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने गांव जा रहा था कि बीच रास्ते में उसकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई और वह बाइक से सीधे नीचे गिर पड़ा। इस सड़क हादसे में कलेश्वर बिंझवार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मिड डे मिल का स्वाद परखने के लिए स्कूलों में पहुंचेगी विभाग की जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्राइमरी और मिडिल स्कूल में बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांच के लिए शिक्षा एवं खाद्य औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने नए शिक्षण सत्र के शुरु होने के बाद अभी तक ऐसे स्कूल का दौरा नहीं किया है। जिससे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने का काम शुरु किया जा सके। गुणवत्ता के साथ साथ टीम को मेन्यू के अनुसार भोजन मिल रहा है या नहीं इसका भी आंकलन करना है।

**खास बातें**

- शिक्षा एवं खाद्य औषधीय विभाग के अधिकारी हैं टीम में शामिल
- अप्रैल माह में टीम ने किया था शहरी क्षेत्र के स्कूलों का दौरा

बीते जुलाई महीने में मध्यान्ह भोजन की राशि में भी राज्य शासन की ओर से बढ़ोत्तरी की गई है। मार्केट में खाद्य सामग्रियों की बढ़ी हुई कीमतों के मद्देनजर मध्यान्ह भोजन के संचालन में आड़े आ रही आर्थिक परेशानियों को देखते हुए प्रायमरी स्कूल के लिए प्रति छात्र 6 रुपए और मिडिल स्कूल के प्रति छात्र 8 रुपए किया गया है। इसके अलावा ईंधन की राशि डीएमएफ से वहन की जा र ही है तथा चावल का आबंटन खाद्य विभाग के द्वारा किया जा रहा है। उसके बावजूद बच्चों को दी जाने वाली मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ियों की शिकायतों को देखते हुए पीएम स्वच्छ पखवाड़ा के तहत स्कूलों का मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में भी शिक्षा विभाग के संकूल प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं खाद्य औषधी सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बीते अप्रैल माह में बनाई गई थी। जिसके द्वारा शुरुआत से ही शहर के स्कूलों में चलने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए लगातार दौरा किया था। उसके बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरु होने के बाद अधिकारियों की टीम ने किसी भी स्कूल का निरीक्षण 16 जून नये शिक्षण सत्र के शुरुआत से नहीं किया गया है।



फाइल फोटो

**निर्देश मिलने के बाद ही टीम करती है दौरा**

मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए अधिकारियों की गठित टीम उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद ही स्कूलों का दौरा कर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने का काम करती है। इसके अलावा अन्य दिनों में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण करने के लिए समय समय पर दौरा करते रहते हैं। उसके बावजूद कहीं न कहीं मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन का संचालन नहीं होने के साथ गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें आते रहती है।

**शिक्षकों पर हावी रहते हैं महिला समूह**

मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर जब जब स्कूल प्रबंधन के द्वारा भोजन बनाने वाले महिला स्व सहायता समूहों को निर्देशित किया जाता है तब तब महिला स्व सहायता समूह स्कूल के प्रधानपाठक सहित अन्य शिक्षकों पर दबाव बनाने लगते हैं। यह स्थिति ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में ज्यादा नजर आ रही है। जहां महिला स्व सहायता समूहा का सहयोग पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा किया जाता है। शिक्षकों के द्वारा लगातार मध्यान्ह भोजन सही बनाने को लेकर कई बार कहा गया है किंतु महिला समूह अपने मनमानी तरीके से ही भोजन बनाने का काम कर रही है।

## नेशनल लोक अदालत में निपटाए गए 3 लाख मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वाधान, छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष संतोष शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत का 13 सितंबर को वर्चुअल और भौतिक उपस्थिति मोड में आयोजन किया गया।

इसमें सर्वोच्च न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में लोक अदालत आयोजित की गयी। जिला न्यायालय कोरबा एवं तालुका विधिक सेवा समितियों- कटघोरा, करतला एवं पाली में लंबित, दांडिक, सिविल, मोटर दुर्घटना, राजस्व न्यायालयो के प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन के 4 लाख 68 हजार 193 प्रकरणों को निराकरण के लिये चिन्हित किया गया है। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संतोष शर्मा के नेतृत्व में लोक अदालत के आयोजन का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत आयोजित करने के लिए कुल 48 खंडपीठों का गठन किया गया था। इस लोक अदालत में 2 लाख 98 हजार 894 मामलों का सफलतापूर्वक निपटान किया गया। निपटान किए गए मामलों में कुल 2 लाख 93 हजार 608 मामले प्री-लिटिगेशन चरण के थे और 5286 मामले ऐसे थे जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे, निपटान राशि लगभग 13 करोड़ 49 लाख 55 हजार 167 रूपये थी। उपरोक्त नेशनल लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित मामले, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित मामले अर्थात चेक से संबंधित मामले, वैवाहिक विवाद के मामले, श्रम विवाद के मामले, बैंक ऋण वसूली वाद, रूपया वसूली वाद, विद्युत बिल एवं टेलीफोन बिल के मामले, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, राजस्व न्यायालय के मामले एवं अन्य राजीनामा योग्य वाद आदि से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई।







## मंदिरों- देवी स्थलों में नवरात्र मनाने की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले के सभी देवी मंदिरों और देव स्थलों में शारदीय नवरात्र पर्व और दुर्गा उत्सव, दशहरा पर्व धूमधाम और भक्ति भाव से मनाने के लिए जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। पर्व क्षेत्र में 22 सितंबर से 2 अक्तूबर तक मनाया जाएगा।

मां सर्वमंगला सहित नगर पंचायत पाली में आदिशक्ति सती दाई मंदिर, ग्राम देवी महामाया देवालय, माँ कालीका मंदिर, ठाकुर देव स्थल पटेलपारा, बड़ा देव शक्तिपीठ स्थल, जलाराम मन्दिर में दुर्गा मंदिर में क्वार नवरात्र पर्व और चैत्र नवरात्र पर्व श्रद्धा भक्ति भाव के साथ प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस पक्ष की नवरात्रि का पर्व मनाने के लिए मंदिर समितियों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। निर्धारित स्थलों पर घृत, तेल और जवारा ज्योति कलशो का पंजीयन हो रहा है। मंदिर और मंदिर परिसर की साफ सफाई, रंग रोगन का कार्य चल रहा है। कलश भवन मनोकामना ज्योति कलशो के लिए तैयार किए जा रहे हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में माता की विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना के लिए कार्यक्रम तैयार किया जा रहा हैं। सुबह शाम आरती, मनोकामना ज्योति कलशो, भजन कीर्तन, माता सेवा,जागरण आदि की विभिन्न कार्यक्रमों के लिए तैयारियां अंतिम चरण में है.इसके अलावा पाली के आसपास के देवी मंदिरों देवी स्थलों में भी नवरात्रि का पर्व मनाने ग्रामीण एकजुट होकर तैयारी में जुटे हुए हैं। पाली के निकट आदि वनदेवी चेपा रानी, सकरिया पाठ मुनगाडीह, वामन पाठ पड़रापतरा, दुर्गा मंदिर पोड़ी, महामाया काली मंदिर लाफा, चैतमा, नुनेरा, बांदाखार, रंगोले, परसदा, कोसगई देवी सीस सहित लगभग सभी गांव में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा. आस्था के दीप प्रज्वलित होंगे. साथ ही जवारा बोये जाएंगे। नौ दिनों तक माता की सेवा में ग्रामीण तन मन धन से जुड़ जाएंगे। धार्मिक आस्था के केंद्र मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर चैतुरगढ़ में हजारों मनोकामना के ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाते हैं और नवरात्रि के नौ दिनों तक महोत्सव जैसा माहौल होता है।




